केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/300 दिनांक: 29.08.2016
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00297
CICOM/R/2016/00557

अपीलकर्ता : श्री दीपक कुमार गोयल,
आर.जेड. जी 58/59ए, जी ब्लॉक,
गली नं. 2, संगम मार्केट,
पश्चिमी सागर पुर,
नई दिल्ली – 110046.

निर्णय की तारीख: 29.08.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 20.04.2016 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 12.05.2016 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री बाबू लाल |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 11.07.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 153119/11.07.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 406/12.07.2016 |

1. अपीलकर्ता ने दिनांक 20.04.2016 को आयोग में आर.टी.आई. आवेदन दाखिल कर द्वितीय अपील सं. CIC/SA/A/2015/002075 तथा अन्य मुद्दों से संबंधित 23 बिंदुओं पर सूचनाए मांगी थी तथा दिनांक 10.06.2016 को प्रथम अपील दाखिल की, जिसे श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक, सेन्ट्रल रजिस्ट्री द्वारा भूलवश द्वितीय अपील समझ कर वापस कर दिया गया । अपीलकर्ता ने पुन: दिनांक 11.07.2016 को प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता का उक्त आवेदन श्री योगेश कुमार सिंहल द्वारा दिनांक 29.04.2016 को सूचना प्रदान करने हेतु उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-एस.ए. कार्यालय को ट्रांसफर किया गया । श्री बाबू लाल, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-एस.ए. कार्यालय द्वारा मात्र 5 बिंदुओं पर सूचनाएं प्रदान की गई । अत: **केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के अंदर अपीलकर्ता को उनके आवेदन से संबंधित अन्य बिंदुओं पर बिंदुवार सूचना उपलब्ध करवाई जाए, यदि आवश्यक हो तो आयोग के अन्य संबंधित अधिकारियों की सहायता ली जा सकती है ।**

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

अचला सिन्हा

**(अचला सिन्हा)**
**अपर सचिव एवं**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री दिनेश कुमार, उप-पंजीयक व जन सूचना अधिकारी, सूचना आयुक्त-एस.ए. कार्यालय केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।